पटना विश्वविद्यालय, पटना

कार्यालय अधिसूचना

नवीन शिक्षण सत्र 2024 के प्रारंभ होते ही महाविद्यालयों, संस्थानों एवं स्नातकोतर विभागों में रैगिंग की घटना नहीं होने के लिए आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता है। इस दिशा में UGC के पत्रांक D.O.No. F.1-15/2009 (ARC) pt.III dated 23 October 2020 के आलोक में सभी विभागाध्यक्षों/संस्थानों के निदेशक/प्राचार्यगण से निवेदन है कि नए शैक्षणिक सत्र के लिए अपने संस्थान में एक एंटी रैगिंग कमिटी, एंटी रैगिंग स्क्याइड एवं एंटी रैगिंग सेल का गठन कर कार्यालय को एक सप्ताह के अंदर प्रेषित करने की कृपा करें। एंटी रैगिंग सेल के सभी सदस्यों के नाम उनके मोबाईल नम्बर के साथ प्रमुख स्थानों एवं बेबसाइट पर प्रकाशित करें जिसमें 24x7 Toll Free No. 1800-180-5522 or e-mail helpline@ antiragging.in प्रमुखता से दर्शाया गया हो। एंटी रैगिंग सेल छात्रों से लगातार सम्पर्क बनाए रखे तथा उनको परामर्श देते रहें।

सभी नामांकित छात्रों एवं उनके अभिभावकों को www.antiragging.in & www.amanmuvemnet.org पर ऑनलाइन शपथ–पत्र भरना अनिवार्य कर उसका डाउनलोडेड प्रति अपने कॉलेज में विषय के रजिस्ट्रेशन से पूर्व जमा कराये। एंटी रैगिंग पोस्टर को प्रमुख स्थानों जैसे प्रवेश द्वार के नजदीक, पुस्तकालयों, प्रयोगशालाओं, कार्यालयों में अनिवार्य रूप से लगाए ताकि परिसर को रैगिंग मुक्त बनाया ज सके। अपने अधीनस्थ छात्रावासों में भी अधीक्षकों को उपरोक्त सभी सूचनायें प्रमुखता से प्रमुख स्थानों पर होडिंग लगाकर प्रचारित करने को निदेशित करें। एंटी रैगिंग स्क्याइड को परिसर, कैटिन, कॉमन रूम, खेल के मैदान का औचक निरीक्षण के लिए भी प्रोत्साहित करें। एंटी रैगिंग की घटना उजागर होने पर तुरंत UGC के नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसकी सूचना कुलानुशासक कार्यालय को भी दें ताकि अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके तथा सारी सूचनायें अपने कॉलेज के वेबसाइट पर दर्शायें।

अपने **महाविद्यालय में 12 अगस्त को एंटी रैगिंग दिवस एवं 12 अगस्त से 18 अगस्त तक ऐंटी रैगिंग सप्ताह मनाना सुनिश्चित करेंगे।** आयोजित कार्यक्रम को अपने वेबसाईट पर तथा उसकी प्रति विश्वविद्यालय को भी भेजना सुनिश्चित करेंगे ताकि विश्वविद्यालय वेबसाईट पर भी उसको अपलोड किया जा सके।

इसे अतिआवश्यक समझा जाय।

कुलपति के आदेशानुसार,
27/06/2024
कुलानुशासक,
पटना विश्वविद्यालय, पटना।

ज्ञापांक: B(P)/232 पटना, दिनांक: 27.6.24

प्रतिलिपि: 1.सभी संकायाध्यक्ष, (मानविकी, समाज विज्ञान, वाणिज्य, विज्ञान, शिक्षा एवं लॉ) संकाय कार्यालय, प0वि0वि0 2.सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, प0वि0वि0 3.सभी कॉलेजों के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या, प0वि0वि0 4.सभी संस्थानों के निदेशक, प0वि0वि0 5.संकायाध्यक्ष, छात्रकल्याण, प0वि0वि0 6.सभी छात्रावासों के वार्डेन/अधीक्षक/अधीक्षिका छात्रावास, प0वि0वि0 7.सभी पदाधिकारीगण, प0वि0वि0 8.प्रभारी पदाधिकारी, (आई0 टी0 सेल) पटना विश्वविद्यालय कम्प्यूटर सेंटर (वेबसाईट पर अपलोड हेतु) 9.कुलपति के सचिव, प0वि0वि0 10.प्रति कुलपति/कुलसचिव के निजी सहायक, पटना विश्वविद्यालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवशयक कार्रवाई हेतु प्रेषित। 27/06/2024

कुलानुशासक,
पटना विश्वविद्यालय, पटना।

Bipin
27/06/2024